MAHD-08

December - Examination 2016

M.A. (Final) Hindi Examination

आधुनिक हिन्दी कविता और गीत–परम्परा

Paper - MAHD-08

Time : 3 Hours] **[Max. Marks :- 80**

निर्देश : यह प्रश्न–पत्र तीन खण्डों 'अ', 'ब' और 'स' में विभाजित है। खण्ड 'अ' अति लघुउत्तरात्मक, खण्ड 'ब' लघु उत्तरात्मक एवं खण्ड 'स' में निबंधात्मक प्रश्न समाहित हैं।

(खण्ड – अ) **8 × 2 = 16**

(अति लघु उत्तरीय प्रश्न)

निर्देश : सभी प्रश्नों के उत्तर अनिवार्य हैं। आप अपने उत्तर को एक शब्द, एक वाक्य या अधिकतम 30 शब्दों में दीजिए। प्रत्येक प्रश्न 2 अंकों का है।

1) (i) नई कविता के नामकरण का मूल आधार क्या है?

(ii) 'अंधेरे में' कविता के कवि का पूरा नाम लिखिए।

(iii) समकालीन कविता की मूल विशेषता को उद्घाटित कीजिए।

(iv) शमशेर बहादुर सिंह की कविताएँ विम्बधर्मी हैं। स्पष्ट कीजिए।

(v) गिरिजा कुमार माथुर की दो प्रसिध्द कविताओं के नाम लिखिए।

(vi) नंदकिशोर आचार्य दार्शनिक कवि हैं। स्पष्ट कीजिए।

(vii) धर्मवीर भारती की 'कनुप्रिया' की विशेषता स्पष्ट कीजिए।

(viii) नवगीत पर टिप्पणी लिखिए।

(खण्ड – ब) $4 \times 8 = 32$

(लघु उत्तरीय प्रश्न)

निर्देश : निम्नलिखित प्रश्नों में से कोई चार प्रश्न कीजिए। शब्द सीमा लगभग 200 शब्द है। प्रत्येक प्रश्न 8 अंकों का है।

2) सप्रसंग व्याख्या कीजिए –

खूब ऊँचा एक जीना साँवला
उसकी अंधेरी सीढ़ियाँ...
वे एक आभ्यन्तर निरालें लोक की।
एक चढ़ना 'औ' उतरना
पुन: चढ़ना 'औ' लुढ़कना
मोच पैरों में
व छाती पर अनेकों घाव।
बुरे–अच्छे–बीच के संघर्ष
से भी उग्रतर
अच्छे व उससे अधिक अच्छे बीच का संगर
गहन किंचित सफलता
अति भव्य असफलता!

3) निम्नलिखित पद्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए।

नाखून दिन पर दिन बढ़ते जा रहे हैं
और जमीन उसी अनुपात से बंजर होती जा रही है।
और नदी हर दिल में उसी रफ़्तार से शांत
हर विवशता का उपहास-सा करती
अभी एक आदमी बहता हुआ चला जायेगा
जिसकी लाश पर कौए बैठे होंगे
जिन्हें मैं अक्सर दिल्ली की इन सड़कों
पर उड़ता हुआ देखता हूँ।

3) निम्नलिखित पद्यांशों की व्याख्या कीजिए।

एक साधारण जन
पृथ्वी पर
हल की रेख से
धन-धान्य का भाषा-ग्रंथ रचता है।

4) मुक्तिबोध की कविता आधुनिक जीवन की यथार्थ गाथा है। स्पष्ट कीजिए।

5) धर्मवीर भारती की कनुप्रिया पर प्रकाश डालिए।

6) नंद किशोर आचार्य की कविताएँ विचार प्रधान हैं। स्पष्ट कीजिए।

7) गोपाल दास नीरज के गीतों की काव्य संवेदना पर प्रकाश डालिए।

8) भवानी प्रसाद मिश्र की काव्य संवेदना को विश्लेषित कीजिए।

9) नरेश मेहता की दार्शनिकता पर प्रकाश डालिए।

(खण्ड – स) **2 × 16 = 32**

(दीर्घ उत्तरीय प्रश्न)

10) नई कविता की प्रमुख प्रवृत्तियों पर प्रकाश डालिए।

11) शमशेर बहादुर सिंह विम्ब प्रक्रिया के कवि हैं। इस तथ्य का विवेचन विश्लेषण कीजिए।

12) नरेश मेहता की काव्य संवेदना पर एक लेख लिखिए।

13) समकालीन कविता पर एक विचार लेख लिखिए।